nandgaon times march-31-3.qxd 3/30/2026 11:57 PM Page 1



asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

# नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

मंगलवार, 31 मार्च 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 165, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# आधुनिक तकनीक के साथ संवेदनशीलता ही नई पुलिसिंग की पहचान है - मुख्यमंत्री

## जनता का विश्वास बनाए रखना पुलिस की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है - मुख्यमंत्री साय, नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुलिस अकादमी में 859 प्रशिक्षुओं का दीक्षांत समारोह संपन्न



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज चंदखुरी स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी में आयोजित उप निरीक्षक संवर्ग के दीक्षांत (पासिंग आउट परेड) समारोह में शामिल हुए। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। इस अवसर पर सूबेदार, उप निरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर संवर्ग के अधिकारियों को सफल प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस सत्र में कुल 859 प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण पूर्ण किया, जिनमें 54 सूबेदार, 528 उप निरीक्षक (जीडी), 02 उप निरीक्षक (कंप्यूटर), 01 उप निरीक्षक (रेडियो), 01 उप निरीक्षक (अंगुली चिन्ह), 68 उप निरीक्षक (एसबी) तथा 205 प्लाटून कमांडर शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि यह दिन सभी प्रशिक्षुओं के जीवन का एक यादगार पड़ाव है, जहाँ से वे राष्ट्र और छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा के लिए संकल्पित होकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कठोर प्रशिक्षण के बाद प्राप्त यह उपलब्धि न केवल प्रशिक्षुओं के लिए, बल्कि उनके परिजनों और पूरे प्रदेश के लिए भी गर्व का विषय है। उन्होंने उल्लेख किया कि पिछले वर्ष जब उन्होंने इन्हीं युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए थे, तब उनके पास प्रतिभा थी, और आज प्रशिक्षण के बाद उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का समावेश हो चुका है, जो उन्हें एक सफल अधिकारी बनाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने पुलिस सेवा को अत्यंत प्रतिष्ठित एवं जिम्मेदारीपूर्ण बताते हुए कहा कि किसी भी प्रतिष्ठित सेवा का आधार सत्यनिष्ठा होती है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि पुलिस का मूल दायित्व नागरिकों की रक्षा करना है। जब भी कोई नागरिक असुरक्षित महसूस करता है, तो सबसे पहले पुलिस के पास ही जाता है। इसलिए जनता का विश्वास बनाए रखना पुलिस की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वर्दी केवल अधिकार नहीं, बल्कि जनता की सुरक्षा का संकल्प और उससे जुड़ी प्रतिष्ठा का प्रतीक है, जिसे हर परिस्थिति में बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी कभी



आसान नहीं होती, लेकिन क्षमता और समर्पण के साथ इसे सफलतापूर्वक निभाया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान किए गए कठिन परिश्रम की तरह ही सेवा में भी निरंतर प्रयास और समर्पण से संतोष और सफलता प्राप्त होती है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आज का यह निष्क्रमण केवल अकादमी से बाहर निकलना नहीं, बल्कि वास्तविक कार्यक्षेत्र में प्रवेश का संकेत है। उन्होंने इसे सनातन परंपरा के च्निष्क्रमण संस्कारज् से जोड़ते हुए बताया कि जैसे शिशु पहली बार घर से बाहर निकलता है, उसी प्रकार आज ये प्रशिक्षु सुरक्षित प्रशिक्षण वातावरण से निकलकर व्यापक जिम्मेदारियों वाले सेवा क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पुलिसिंग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। पिछले दो वर्षों में भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी एवं त्वरित बनाया गया है, आधुनिक तकनीक और उपकरणों को पुलिस बल में शामिल किया गया है तथा साइबर अपराधों से निपटने के लिए विशेष इकाइयाँ स्थापित की गई हैं। साथ ही प्रशिक्षण व्यवस्था को अधिक व्यावहारिक और आधुनिक स्वरूप दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य की पुलिस केवल कानून लागू करने वाली संस्था नहीं होगी।

# श्री द्विवेदी नीरज विद्या मंदिर के नए प्राचार्य निर्देशक

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आज दिनांक 30/03/2026 को नीरज विद्या मंदिर में एक गरिमामय एवं औपचारिक कार्यक्रम के दौरान जिवेश द्विवेदी ने प्रधानाचार्य के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण किया। यह अवसर विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं हर्ष का विषय रहा।

इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक आदरणीय नीरज बाजपेयी एवं श्रीमती पुष्पा बाजपेयी की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही प्रशासक श्री राम की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और भी बढ़ाया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में निर्देशक श्री नीरज बाजपेयी ने कहा कि च्श्री जिवेश द्विवेदी का शैक्षिक अनुभव, नेतृत्व क्षमता एवं CBSE से जुड़ा उनका व्यापक ज्ञान विद्यालय के विकास में



मील का पत्थर सिद्ध होगा। हमें पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में नीरज विद्या मंदिर नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। श्री जिवेश द्विवेदी वर्ष 1998 से शिक्षा के 6द्मह्य= में सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। अपने विस्तृत अनुभव के दौरान उन्होंने 3 वर्षों तक वाइडनरमेमोरियल स्कूल राजनांदगांव में सेवाएं दीं। इसके पश्चात उन्होंने नीरज पब्लिक स्कूल, पेंड्री में 17 वर्षों तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आगे चलकर उन्होंने अज़ीज़ पब्लिक स्कूल, इंदामारा में मुख्य समन्वयक के रूप में कार्य किया। श्री द्विवेदी केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के प्रमाणित रिसोर्स पर्सन हैं तथा उन्हें सी बी एस ई से संबंधित कार्यों का व्यापक अनुभव प्राप्त है। उनके इस समृद्ध अनुभव से विद्यालय को नई दिशा एवं ऊर्जा मिलने की आशा है। उनके मार्गदर्शन में अध्ययन कर चुके इस क्षेत्र के अनेक विद्यार्थी आज भारत एवं विदेशों में विभिन्न प्रतिष्ठित पदों पर कार्यरत हैं, जो उनके शिक्षण एवं नेतृत्व की उत्कृष्टता को दर्शाता है। कार्यभार ग्रहण करते हुए प्रधानाचार्य श्री जिवेश द्विवेदी ने विद्यालय के समग्र विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प भी दोहराया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने श्री द्विवेदी को शुभकामनाएं दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# मुंदगांव में गैस सिलेंडर फटने से भीषण आगजनी : पीड़ित परिवार के बीच पहुंचे जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव

## मुआवजा दिलाने अधिकारियों को दिए निर्देश

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम मुंदगांव में गैस सिलेंडर फटने से हुई भीषण आगजनी की घटना पर जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने गहरा दुख व्यक्त किया है। घटना की सूचना मिलते ही श्री यादव तत्काल गांव पहुंचे और मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस हादसे में पीड़ित परिवार का पूरा घर जलकर खाक हो गया, जिससे भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। साथ ही श्री नारायण वर्मा जी आग में झुलसकर घायल हो गए हैं, जिनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। इस दौरान श्री यादव ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाकर पीड़ित परिवार को शीघ्र उचित मुआवजा एवं राहत प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। श्री यादव ने कहा कि इस कठिन समय में वे पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं और हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती भूमिका सिन्हा, द्वारका सिन्हा,त्रिभुवन सिन्हा, देवा सिन्हा, नारायण वर्मा सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# लोक मण्डई कृषि मेला का भव्य शुभारंभ, किसानों को आधुनिक तकनीक अपनाने की दी गई प्रेरणा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विकास खण्ड डोंगरगांव के ग्राम तुमड़ीबोड में दिनांक 29 मार्च 2026 को त्रिस्तरीय आयोजित लोक मण्डई कृषि मेला कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री धनेश पाटिला उपस्थित रहे, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता खुज्जी विधायक माननीय श्री भोलाराम साहू ने की। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष द्वारा विधिवत फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के पश्चात अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और वहां प्रदर्शित आधुनिक कृषि उपकरणों, उन्नत बीजों एवं नवीन



तकनीकों की जानकारी ली।अपने संबोधन में पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री धनेश पाटिला ने कहा कि कृषि मेले किसानों के लिए ज्ञानवर्धन का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ऐसे आयोजनों के जरिए किसानों को नई तकनीकों, उन्नत कृषि पद्धतियों एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर प्राप्त होती है, जिससे उनकी आय में वृद्धि संभव है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे परंपरागत खेती के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाएं और आत्मनिर्भर बनें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक श्री भोलाराम साहू ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की उन्नति के लिए निरंतर प्रयासरत है। कृषि मेलों के माध्यम से किसानों को नवीन संसाधनों, उन्नत बीजों, जैविक खेती, सिंचाई तकनीकों एवं कृषि यंत्रों की जानकारी दी जा रही है, जिससे खेती को लाभकारी बनाया जा सके। उन्होंने किसानों को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कृषि मेले में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, ग्रामीण विकास सहित विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों में किसानों को उन्नत बीज, जैविक खाद, कीट नियंत्रण उपाय, आधुनिक कृषि यंत्रों तथा फसल उत्पादन बढ़ाने की नई तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, कई स्थानों पर किसानों को प्रत्यक्ष प्रदर्शन के माध्यम से भी समझाया गया।कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, प्रगतिशील किसान एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। मेले में किसानों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे पूरे आयोजन का वातावरण जीवंत और उत्साहपूर्ण बना रहा।




# सोमनी जलाशय की नहर पर कब्जे का आरोप, ग्रामीणों ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम सोमनी में शासकीय जलाशय की नहर-नाली पर अवैध कब्जे और भू-माफियाओं से मिलीभगत के गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गांव के एक नगर सेठ एवं कांग्रेसी नेता द्वारा राजनांदगांव के भू-माफियाओं के साथ मिलकर शासकीय संपत्ति पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, सोमनी जलाशय की सरकारी नहर-नाली को पटवारी और आरआई से कथित साठगांठ कर नक्शा बनवाने के दौरान गायब करवा दिया गया। नक्शे में नहर का उल्लेख नहीं होने का फायदा उठाकर संबंधित व्यक्ति द्वारा उक्त भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर संकरी पुल-पुलिया का निर्माण भी करा लिया गया है। मामले को लेकर गांव में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि लगभग 13 करोड़ रुपये की जमीन खरीदी में भी अनियमितता बरती गई है, जिसमें कम दर दिखाकर स्टाम्प ड्यूटी की चोरी की गई है। इसके साथ ही भू-माफियाओं की मिलीभगत से कृषि भूमि पर अवैध प्लॉटिंग कर सड़क निर्माण किया जा रहा है, जिसमें मुरुम का उपयोग बिना रॉयल्टी पर्ची के किया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जब इस विषय में सवाल उठाए जाते हैं, तो बाहरी असामाजिक तत्वों को बुलाकर लोगों को डराया-धमकाया जाता है। साथ ही, मीडिया में भ्रामक खबरें फैलाकर गांव का माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही है। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफकड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग ग्रामीणों ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडेय तथा कलेक्टर राजनांदगांव से की है।



## चिखली-खैरागढ़ सड़क निर्माण में नाली निर्माण अनिवार्य : ओमप्रकाश साहू



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** चिखली से खैरागढ़ तक निर्माणाधीन सड़क परियोजना में ग्रामों के भीतर नाली निर्माण नहीं किए जाने को लेकर पूर्व क्षेत्रीय जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने बताया कि इससे ग्रामीणों में भारी असंतोष देखा जा रहा है। ओमप्रकाश साहू ने कहा कि तिलई, पदुमतरा, खपरी, चवेली और बोरी समेत अन्य ग्रामों के जनप्रतिनिधियों ने दो महीने पहले ही जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर इस समस्या की ओर ध्यान दिलाया था। इसके बावजूद नाली निर्माण का कोई प्रावधान सड़क परियोजना में नहीं किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि नाली न होने से वर्षा के मौसम में जलभराव, गंदगी और आवागमन में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिना नाली के सड़क निर्माण अधूरा और अव्यवहारिक होगा। ओमप्रकाश साहू ने शासन-प्रशासन से आग्रह किया है कि सड़क निर्माण कार्य शुरू करने से पहले सभी आवश्यक ग्रामों में नाली निर्माण की स्वीकृति दी जाए और इसे परियोजना का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए।

## आमरण अनशन के बाद डिवाइडर हटाने के आदेश दिया

**डोंगरगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर पंचायत श्रेत्र डोंगरगाँव में नगरीय क्षेत्रांतर्गत मुख्य मार्ग में लगभग 3 किलोमीटर तक सड़क निर्माण काफी पहले कराया गया है जिसमें डिवाइडर का भी निर्माण कराया गया था। जब डिवाइडर निर्माण कराया गया था तब हरिओम नगर सड़क नंबर 1 की ओर जाने के लिए मुख्य मार्ग में स्थान छोड़ा गया था लेकिन उस छोड़े हुए स्थान को बंद करने का कार्य तीन माह पूर्व आरंभ किया गया जिसका मुहल्लेवासियों ने तुरंत विरोध दर्ज कराया जिसके चलते निर्माण कार्य को स्थगित कर दिया गया था लेकिन लगाए गए छड़ को नहीं हटाया गया था जिसके कारण हरिओम नगर मुहल्लेवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। मुहल्लेवासी राँग साइड से चलने हेतु विवश हो गए थे। मुख्य मार्ग को पूर्ववत खुला रखने हेतु एस डी एम राजस्व डोंगरगाँव को दो बार ज्ञापन दिया गया लेकिन उचित कार्रवाई नहीं होने के कारण मुहल्लेवासियों ने 30 मार्च से आमरण अनशन करने का निर्णय लिया जिसकी जानकारी एस डी एम राजस्व डोंगरगाँव को सौंपते हुए कलेक्टर, एस पी , थाना प्रभारी और अध्यक्ष नगर पंचायत डोंगरगाँव को प्रतिलिपि दी गई थी। 30 मार्च को मुहल्लेवासी आमरण अनशन पर बैठे। तब एस डी ओ पी डब्ल्यू डी राजनांदगाँव तथा नायब तहसीलदार डोंगरगाँव अपनी टीम सहित आमरण अनशन धरना स्थल पर पहुँचे। मुहल्लेवासियों के साथ शांतिपूर्ण माहौल में बातचीत कर निर्माणाधीन डिवाइडर को हटाने की कार्रवाई की गई। मुहल्लेवासियों ने इस हेतु सभी प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अनशन को समाप्त किया।



## ग्राम घुपसाल में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई भक्त माता कर्मा जयंती, विधायक भोलाराम साहू हुए शामिल

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम घुपसाल (कुमरदा) विकासखण्ड छुरिया में परिक्षेत्रीय स्तर पर आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस गरिमामयी कार्यक्रम में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विधायक साहू ने भक्त माता कर्मा के जीवन एवं उनके आदर्शों को स्मरण करते हुए कहा कि उनका त्याग, समर्पण और समाज के प्रति योगदान हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने समाज के लोगों से माता कर्मा के बताए मार्ग पर चलने तथा आपसी एकता व भाईचारे को बनाए रखने का आह्वान किया।इसी अवसर पर आयोजित नि:शुल्क रक्तदान शिविर में भी विधायक साहू ने सहभागिता निभाई और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए समाज सेवा के इस पुनीत कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, जो जरूरतमंदों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर छन्नी साहू पूर्व विधायक खुज्जी, मिलाप दास साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज कुमर्दा,होरी लाल साहू मुख्य कार्यपालनअधिकारी छुरिया भवभूति कलियारी सचिव तहसील साहू संघ कुमरदा तहसील साहू संघ छुरिया,तोरण साहू सविता साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ कुमरदा फकीर साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ कुमर्दा,देवानन्द साहू उपाध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ कुमरदा मेघनाथ साहू सचिव, युगल किशोर साहू भुवन साहू तिलोचन भालचंद परिक्षेत्र अध्यक्ष गण सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी, कार्यकर्ता, युवा, महिलाएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



**शुभांक**

2-6-8

566-7 248-4

**भाग्यांक**

289-9 136-0

# कार्यकारिणी घोषणा के साथ ही एक्शन मोड में कांग्रेस

## विपिन यादव ने मंडल स्तर पर नियुक्त किये प्रभारी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही जिलाध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व में संगठन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आया। घोषणा के अगले ही दिन आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के माध्यम से नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ संवाद स्थापित कर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में ठोस शुरुआत की गई। प्रथम बैठक में ही कार्यकर्ताओं के उत्साह और सक्रियता ने यह स्पष्ट कर दिया कि कांग्रेस अब बूथ स्तर तक अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी अनीस खान द्वारा जारी बयान में बताया गया है कि जिलाध्यक्ष विपिन यादव की सक्रिय पहल और मजबूत नेतृत्व के चलते प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के मार्गदर्शन में संचालित च्सृजन संगठन अभियानज्ज् को गति देते हुए बूथ कमेटियों के गठन हेतु मंडल स्तर पर प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों की नियुक्ति की गई। यह पहल संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त और सक्रिय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सूर्य कुमार खिलाड़ी की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रारंभ में नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपना परिचय देते हुए संगठन के प्रति निष्ठा व्यक्त की और कांग्रेस विचारधारा के अनुरूप कार्य करने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने सभी पदाधिकारियों का गमछा भेंटकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत करते हुए एकजुटता का संदेश दिया। अपने उद्बोधन में छन्नी साहू ने संगठन की मजबूती के लिए एकजुटता, समन्वय और जनता से सतत संवाद को आवश्यक बताया। वहीं



जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी को जिम्मेदारी के साथ एक अवसर मिला है, जिसे पूरी निष्ठा से निभाते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि संगठन का हर कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है और हम सभी को परिवार की तरह मिलकर कार्य करना है ताकि कांग्रेस पार्टी को आगामी प्रत्येक चुनाव में विजय दिलाई जा सके। विपिन यादव ने बूथ स्तर को संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई बताते हुए निर्देशित किया कि सभी प्रभारी तत्काल अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय होकर गांव-गांव बैठकों के माध्यम से सशक्त बूथ कमेटियों का गठन सुनिश्चित करें। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी महामंत्री राहुल तिवारी ने किया। उन्होंने सभी प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने प्रभार क्षेत्र में कार्य प्रारंभ कर निर्धारित समय में प्रगति की जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करें।कार्यक्रम के समापन अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक पटाखे फोड़कर एवं कांग्रेस के नारों के साथ अपनी खुशी व्यक्त की। मंडलवार प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों की नियुक्ति के अंतर्गत सुकलदैहान में ललित कोसरे व गोपीचंद गायकवाड़, सुन्दरा में कमलजीत सिंह पिंटू व टिक्कू साहू, टेडेसरा में रमेश डाकलिया व हेमू सोनी, सिंघोला में मन्ना यादव व ताराचंद साहू, सुरगी में तुकज साहू व दिलीप चन्द्राकर, मारगांव में हनी ग्रेवाल व लीलम गोस्वामी, खुमान नेताम, तुमड़ीबोड़ में अशोक फड़नविश व चीतेस साहू, अर्जुनी में बलिराम साहू व चुम्मन साहू, मोतीलाल साहू, रामपुर में सुयश नाहटा व रूपेश साहू, कोकपुर में श्रीमती संध्या साहू व राजाराम पंसारी ,मयंक यादव, डोंगरगांव शहर में संजय मुटकुरे व रोशन यादव, अखिलेश नखत, करमतरा में गणेश साहू व राम भरोसा, खुज्जी में रवि साहू व प्रमोद देवांगन, छुरिया में रितेश जैन व धनेन्द्र कोठारी, गेंदाटोला में राजकुमारी सिन्हा व प्रकाश शर्मा, कलकसा में राजकुमार सिन्हा व गौकरण साहू, बोरतलाव में सुरेश सिन्हा व प्रदीप उजवाने, डुंडेरा में मदन साहू व द्वारका सिन्हा, बिलहरी में महेन्द्र यादव व जयचंद ठाकुर, रामाटोला में श्रीमती रमादेवी वर्मा व पवन साहू, बेलगांव में चुम्मन साहू व राजू वर्मा, ढारा में राज सिंह राजपूत व सतानंद कंवर, मोहारा में गोविंद टंडन व दयालु वर्मा, मंडल क्रमांक 1 में शिशुपाल भारती व नरेश करसे, बुधवारी में जीतेंद्र सिंह भाटिया व मतीन खान, डोंगरगढ़ में धीरज मेश्राम व अमीन उके, पटेवा में दुर्गेश द्विवेदी व कपिल वर्मा, घुमका में चन्द्रेश वर्मा व पीयूष दुबे, बघेरा में रतन यादव व गिरीश साहू, रेंगाकठेरा में ओमप्रकाश साहू व भागवत वर्मा, कुमरदा में लालचंद साहू व पन्नालाल साहू, उमरवाही में अब्दुल खान व रामाधीन रावटे, बाग़नदी में विष्णु लोधी व रामदास, एलबी नगर (शहर) में राजकुमार साहू व पवित साहू तथा एलबी नगर (ग्रामीण) में विजय राज सिंह व मदनलाल मंडावी, उत्तम सिन्हा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रवक्ता अनीस खान ने कहा कि यह पूरी पहल इस बात का स्पष्ट संकेत है कि जिलाध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व में कांग्रेस संगठन अब पूरी ताकत के साथ बूथ स्तर तक अपनी पकड़ मजबूत करते हुए आगामी चुनावों के लिए सशक्त रूप से तैयार हो रहा है।

# जिला कांग्रेस कार्यकारिणी की प्रथम बैठक सम्पन्न, संगठन मजबूती और जनहित के मुद्दों पर चर्चा

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नवगठित जिला कांग्रेस कार्यकारिणी की प्रथम बैठक रविवार को छुरिया में उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता, सचिव जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ग्रामीण विष्णु लोधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा



कि नवगठित कार्यकारिणी केवल एक औपचारिक संरचना नहीं, बल्कि संगठन को नई ऊर्जा और दिशा देने का सशक्त माध्यम है। विष्णु लोधी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी को अपने दायित्व का गंभीरता से निर्वहन करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना होगा। उन्होंने विशेष रूप से किसानों, युवाओं एवं आम जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने और उनकी आवाज़ को मजबूती से उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन में एकजुटता, अनुशासन एवं समन्वय ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है और इसी के बल पर कांग्रेस पार्टी को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा सक्रिय रूप से जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझें और उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करें। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की।

## जंगल में आग पर नियंत्रण अभियान जारी

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** उपवनमंडल राजनांदगांव के खुज्जी वन परिक्षेत्र में वनमण्डलाधिकारी राजनांदगांव के निर्देशन में वनों में लगने वाली आग की घटनाओं पर सतत निगरानी रखी जा रही है।खुज्जी रेंज में वनाग्नि रोकने विशेष अभियान जारी है खुज्जी वन परिक्षेत्र अधिकारी आकाश कुमार ठाकुर ने बताया है कि वनमंडल मे आग की घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। हर वर्ष 15 फरवरी से 15 जून तक वन क्षेत्रों में आग की घटनाएं बढ़ने की संभावना को देखते हुए इस अवधि को फायर सीजन घोषित किया गया है। इसी के तहत वन विभाग द्वारा सतर्कता एवं नियंत्रण के विशेष उपाय किए जा रहे हैं। वन विभाग के मार्गदर्शन में खुज्जी रेंज में संवेदनशील क्षेत्रों की लगातार निगरानी की जा रही है। आग की सूचना मिलते ही तत्काल प्रतिक्रिया दल के पर भेजकर आग बुझाने की कार्रवाई की जा रही है। प्रमुख व्यवस्थाएं एवं सावधानियां खुज्जी रेंज में वनाग्नि रोकने हेतु सक्रिय रूप से विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं- वन विभाग ने आगे बताया है कि समय पर सूचना और जनसहयोग सही वनाग्नि पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।



# आलीवारा से तीन छात्रों का नवोदय में चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर




**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय प्राथमिक शाला आलीवारा, विकासखंड छुरिया के लिए गर्व का विषय है कि इस वर्ष तीन छात्रों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में हुआ है। चयनित छात्रों में हेजल साहू (पिता ङ्क सुरेश साहू) ने 95 प्रतिशत अंक, जानवी कंवर (पिता ङ्क ओमकार कंवर) ने 88.75 प्रतिशत अंक तथा नयन कुमार (पिता ङ्क भुनेश्वर) ने 81.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर वर्ष 2026 में आलीवारा का नाम रोशन किया है।विद्यालय से पिछले 8 वर्षों में लगातार बेहतर परिणाम सामने आए हैं। अब तक इस संस्था से जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में 15 छात्रों का चयन हो चुका है। वहीं कन्या शिक्षा परिसर अंबागढ़ चौकी में 12 छात्राओं, आदर्श एकलव्य विद्यालय में 10 बच्चों तथा आदर्श विद्यालय डौंडी में 5 छात्रों का चयन हुआ है। इसके अलावा माध्यमिक शाला से अब तक 28 बच्चों का प्रयास में चयन तथा 3 बच्चों का ह्रूरूस्श्व में चयन हो चुका है। इस प्रकार शासकीय प्राथमिक शाला आलीवारा से अब तक कुल 73 बच्चों का विभिन्न संस्थाओं में चयन हो चुका है। छात्रों के चयन पर संकुल समन्वयक मोहित यादव, प्रधान पाठक आईपी चंद्रवंशी, अमर सिंह साहू, राम प्रकाश चंद्रवंशी, खिलावन पटेल, अरुण कुमार साहू (प्रधान पाठक), सुरेश साहू, सोनाली कोमरे, नीलकंठ कोमरे, मुकेश कुमार चंद्रवंशी सहित संकुल के समस्त शिक्षकगण, शिक्षा समिति के अध्यक्ष, सदस्य एवं ग्रामवासियों ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बागेश्वरधाम पदयात्री सेवा पंडाल महाप्रसादी,पुष्पा दीदी के प्रवचन, प्रज्ञा गुप्ता के भजन के साथ समापन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संस्कारधानी में जैसा कि विदित है महापर्व चैत्र नवरात्रि नवे दिन श्री राम नवमी के साथ समाप्त होती है । प्रति नवरात्र अनुसार विगत 5 वर्षों से अनवरत रूप से जारी माँ बम्लेश्वरी देवी संयुक्त पदयात्री सेवा पंडाल बागेश्वर धाम का पदयात्री सेवा के साथ-साथ विभिन्न धार्मिक,सामाजिक,अन्य सेवा कार्यों का विराम,समापन हुआ उक्त जानकारी देते हुए सेवा संयोजक पंकज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, आयोजन अध्यक्ष भावेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सूरज गुप्ता, सचिव महेश शर्मा, विजय गुप्ता, योगेश साहू,सौरभ गुप्ता द्वारा बताया गया कि इस वर्ष नवरात्र के दोनों पर्व को नारी शक्ति को समर्पित किया गया था । जिसका कुशल संचालक महिला सेवा आयोजन अध्यक्ष श्रीमति मधु खंडेलवाल, सचिव श्रीमति प्रज्ञा गुप्ता द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया । सेवा पंडाल के पूर्व बागेश्वर धाम,सेवा महिला समूह द्वारा महिला दिवस का शानदार आयोजन भी किया गया । चैत्र नवरात्र में पदयात्रियों की 24 घंटे सेवा के साथ-साथ माता की आराधना की धार्मिक आयोजन मंगल पाठ,



जस, प्रतिदिन महाआरती नवरात्र में माता के स्थापित दरबार मे हुई । इसके साथ साथ नि:शुल्क चिकित्सा शिविर,कपड़े के थैले का वितरण, पर्यावरण संरक्षरण संदेश सहित अनेकानेक सामाजिक सेवा कार्य भी बागेश्वर धाम स्थित उत्सव भवन सेवा पंडाल में किए गए । नवरात्र नवमी,रामनवमी के पुण्य दिन पर सर्वप्रथम कन्याभोज में देवीस्वरूप कन्याओं को भोज के पश्चात उपहार दिए गए । तत्पश्चात ब्रम्हकुमारी राजयोगिनी सुश्री पुष्पा दीदी का नवरात्र व रामनवमी तथा हिन्दु सनातन सेवा संस्कार, धर्म के विषय पर ओजश्वी प्रभावी प्रवचन दिया गया । इस अवसर पर पूर्व पार्षद गायिका प्रज्ञा गुप्ता द्वारा माता के सुमधुर भजन प्रस्तुत किए गए । श्रीमती पूर्णिमा साहू द्वारा प्रेरणास्प्रद कविता प्रस्तुत की गई । इस समापन आयोजन में संरक्षक श्रीमति शारदा तिवारी व अशोक लोहिया द्वारा प्रभावी उद्बोधन दिया गया ।समापन आयोजन में श्रीमति लक्ष्मी गुप्ता, मोना गोसाई, प्रशासन,पुलिस, ट्रैफिक, नगर निगम,व्यक्तिगत सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया । उक्त जानकारी बागेश्वर धाम मंदिर सेवक अजय गुप्ता द्वारा दी गई ।

# डेडलाइन से पहले माओवादियों के हथियारों का जखीरा बरामद

## बड़ी मात्रा में नक्सली हथियार सहित 46 जिंदा कारतूस बरामद




**मनोज यादव**

**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** जिला पुलिस के द्वारा नक्सल विरोधी अभियान के तहत माओवादियो के पूरे ईको सिस्टम को ध्वस्त करने के लिए पुलिस से लूटे हथियारों की जप्ती के प्रयास जारी है। इसी कड़ी में राजनांदगांव रेंज पुलिस महानिरीक्षक बालाजी राव के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह के नेतृत्व में एक और सफलता मिली है। मुखबीर से प्राप्त सूचना पर से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जिला पुलिस, डीआरजी एवं आईटीबीपी फोर्स जिला कांकेर थाना कोडेकुरसे सीमा क्षेत्र गाँव कोवाचीटोला एवं थाना मदनवाड़ा के कलवर जंगल मे नक्सलियों द्वारा छुपाए गए डंप की सर्चिंग के लिए रवाना हुई थी ।तकरीबन 4-5 घंटों की सघन सर्चिंग के बाद टेकरी पर स्थित नाला किनारे कटे हुए पेड़ के नीचे काले पालिथीन मे लपेटी हुई एक बड़ी बंडल मिली । जिसे सावधानी पूर्वक हटाकर चेक करने पर काले पालिथीन मे लपेटी हुई दो आटोमेटिक हथियार मैगजीन के साथ बरामद की गई ।जिला पुलिस एवं आईटीबीपी फोर्स के द्वारा विशेष प्रयास से दोनों आटोमेटिक हथियार भरी हुई मैगजीन के साथ बरामद कर की गई है। बरामद किए गए हथियारों में यह शामिल है

आटोमेटिक रायफल ्र्य-47 मय मैगजीन 26 राउंड,आटोमेटिक रायफल ढ्ढह्ल्स् मय मैगजीन 20 राउंड । 1985 में जिले के औंधी क्षेत्र में प्रवेश किया था मावोवादियो ने जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में वर्ष 1985 के आसपास थाना औंधी क्षेत्र मे माओवादियों का प्रवेश हुआ और बस्तर क्षेत्र से सटे होने के कारण इस क्षेत्र मे आधार बनाना शुरू किए । नक्सली महाराष्ट्र और छग सीमा के गांवों मे जाकर ग्रामीणों से मिलना और नक्सली विचारधारा का प्रचार प्रसार लगातार कर रहे थे । नक्सलियों ने 41 वर्षों मे कई बड़ी घटनाओ को अंजाम दी है ।

माओवादी संगठन के द्वारा इस क्षेत्र का नामकरण मानपुर डिवीजन किया गया और आंध्रप्रदेश से आए केन्द्रीय सदस्य माओवादी श्रीकांत उर्फ सुकान्त ने वर्ष 2003 मे मानपुर डिवीजन का विस्तृत सर्वे कराकर हथियार बंद दस्ता की शुरुआत किया ।2009-2010 वर्ष के दौरान दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के अंतर्गत मानपुर डिवीजन अंतर्गत 4 एरिया कमेटी सक्रिय थे । इन 4 चारों एरिया कमेटी के भीतर 7 लोकल ऑर्गेनाइजेशन स्क्काड, 2 लोकल गुरिल्ला स्क्काड एवं एक प्लाटून सक्रिय थे । वर्ष 2009 मे शहीद विनोद चौबे तत्कालीन पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सहित 29 जवानों के शहादत के समय मानपुर क्षेत्र मे केन्द्रीय सशस्त्र बलों की नियुक्ति की गई । जिला पुलिस और केन्द्रीय सशस्त्र बल के संयुक्त अभियानों से माओवादी बैकफूट पर आए ।

**नक्सल विरोधी चलाए गए अभियान में 18 नक्सली हुए ढेर**

जिला मे चलाए गए नक्सल विरोध अभियान मे 18 नक्सली अभी तक ढेर किए गए । 33 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा मे शामिल हुए । सितंबर वर्ष 2012 मे आयोजित माओवादी संगठन के मानपुर डिवीजन के दुसरे प्लिनम द्वारा



पारित प्रावधान अनुसार मानपुर डिवीजन का नाम परिवर्तन कर राजनांदगांव-कांकेर बार्डर डिवीजन नाम रखा गया । सितंबर 2022 की स्थिति मे नवीन जिला बनने के समय माओवादी संगठन मे केवल 2 एरिया कमेटी और 2 लोकल ऑर्गेनाइजेशन स्क्काड सक्रिय थे । जो आज दिनांक की स्थिति मे निरंक है ।इस जिले से माओवादी संगठन मे भर्ती हुए सभी जिला मूल निवासी आत्मसमर्पण कर चुके है या फिर किसी पुलिस नक्सली मुठभेड़ मे मारे जा चुके है । साथ ही बस्तर या किसी अन्य क्षेत्र के निवासी नक्सली इस जिले मे सक्रिय नही है ।

## ज्ञान मंथन

*1) संयुक्त राष्ट्र द्वारा किस वर्ष को अंतर्राष्ट्रीय कैमलिड्स वर्ष घोषित किया गया है?*

*2) हिन्दी का पहला उपन्यास कौन–सा है?*

*3) इंग्लिश चैनल किन देशों को अलग करता है?*

*4) भारत का पहला एआई शहर हाल ही में किस राज्य में बनेगा?*

*5) पहले दिव्यांग खेल पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट का पुरस्कार किसने जीता है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) 2024 (2) परीक्षा गुरू (1882– लाला श्रीनिवासदास) (3) फ्रांस और यूनाइटेड किंगडम (4) उत्तर प्रदेश (5) शीतल देवी

# आप सभी का दोस्त होना ही मेरी शान है : खगेश्वर चौबे

## दशकों बाद मिले दोस्त - छलक पड़े जज्बात

**अरविन्द तिवारी**

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स ) ।** शासकीय तकनीकी विद्यालय रायगढ के वर्ष 1984 बैच के सहपाठियों का बयालीस वर्षों बाद दो दिवसीय आयोजित भव्य पुनर्मिलन समारोह नया रायपुर स्थित मेफेयर गोल्फ रिसॉर्ट नया रायपुर में अत्यंत आत्मीय , ऐतिहासिक और अविस्मरणीय माहौल में संपन्न हुआ। यह आयोजन केवल एक औपचारिक मिलन नहीं , बल्कि चार दशक पुरानी दोस्ती , अपनत्व और भाईचारे के पुनर्जागरण का भावपूर्ण उत्सव बन गया। रिज़ॉर्ट के मनोरम वातावरण , नीले स्विमिंग पुल के किनारे गूंजती हंसी , झील में शांत बोटिंग , क्रिकेट के मैदान में पुरानी फुर्ती , हल्की-फुल्की नोकझोंक , कैमरे में कैद होती मुस्कुराहटें और रात की दूधिया रोशनी में नहाया नया विधानसभा भवन—इन सबने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। बयालीस वर्षों के लम्बे अंतराल के बाद जब सहपाठी एक-दूसरे से मिले , तो ऐसा लगा मानो समय अचानक पीछे लौट गया हो। चेहरों पर उम्र की रेखायें अवश्य थीं लेकिन दिलों में वही बचपन , वही शरारत , वही स्नेह और वही अटूट मित्रता आज भी जीवंत दिखाई दी। किसी ने गले लगाकर पुरानी यादें ताजा की , किसी ने दशकों पुराने किस्सों को ठहाकों में दोहराया , तो किसी की आंखों में आज भी वही चमक दिखाई दी जो केवल सच्चे मित्रों के मिलन पर ही झलकती है। समारोह के दौरान स्वादिष्ट भोजन के साथ पुराने दिनों की शरारतों , शिक्षकों की यादों और स्कूल जीवन के रोचक प्रसंगों ने माहौल को और अधिक आत्मीय बना दिया। उपस्थित साथियों ने एक स्वर में कहा कि बयालीस साल के अंतराल एक पल में सिमट गया और ऐसा लगा कि हम आज भी वहीं हैं , बस कैलेंडर बदल गया है।

**आठ रायपुरवासी मेजबानों की भूमिका रही सराहनीय**

इस भव्य एवं ऐतिहासिक पुनर्मिलन को सफल और यादगार बनाने में रायपुरवासी आठों मेजबान मित्रों की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। इनमें विशेष रूप से प्रिय जितेंद्र भाई सीनियर आईएएस मार्कफेड



के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं जलग्रहण मिशन संचालक द्वारा मित्रता के प्रति आत्मीयपूर्ण समर्पण , डॉ. अश्वनी भाई का कुशल संचालन , नलिन भाई (अतिरिक्त मुख्य अभियंता (सतर्कता) का आत्मीय अपनत्व , विनोद भाई (आर्किटेक्ट इंजीनियर) का अनवरत उत्साह , मोहन भाई (मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी) की सक्रिय भूमिका , महामहिम राष्ट्रपति महोदय द्वारा सम्मानित भू-वैज्ञानिक , जीएसआई नागपुर के उप महानिदेशक दिनेश भाई का मित्रों के प्रति अगाध प्रेम , नरेंद्र भाई ( सीएसएम रेल्वे रायपुर) की आत्मीयता एवं उदारता तथा अरुण भाई (रेल्वे) का उत्साहपूर्ण योगदान ने कार्यक्रम को शानदार , ऐतिहासिक और भव्य बनाया।

**विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे सहपाठियों ने बढ़ाई आयोजन की गरिमा**

इस पुनर्मिलन में छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न स्थानों से पहुंचे सहपाठियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक जीवंत बना दिया। उपस्थित प्रमुख साथियों में अमिताभ (प्रोफेसर) , डॉ. रमेश मिश्रा (प्रोफेसर) , संजय अग्रवाल (एसडीओ) , अशोक (प्रधानाध्यापक) , संजय तिवारी (रेल्वे बिलासपुर) , सुनील अग्रवाल , सतीश पांडेय (प्राचार्य) , यज्ञेश (एसईसीएल कोरबा) , प्रताप (व्याख्याता) , श्रीकांत (मूवी डायरेक्टर) , मदन राजवाड़े (केमिस्ट) , राजीव (व्याख्याता) , छोटेलाल चंद्रा (फारेस्टर) , आशुतोष चंद्रा , रविंद्र शुक्ला , सपन गोयल इत्यादि की उत्साहपूर्ण तथा प्रेमशंकर पटेल की विशिष्ट गरिमामयी उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। पूरे कार्यक्रम के दौरान नव आगंतुक भूपेंद्र पटेल एवं वाचस्पति गुप्ता भी विशेष आकर्षण के केंद्र बने रहे। सिर्फ रियूनियन नहीं , दिलों का पुनर्मिलन कार्यक्रम में उपस्थित साथियों ने कहा कि यह केवल एक रियूनियन नहीं था , बल्कि दिलों का पुनर्मिलन , समय को मात देती दोस्ती का उत्सव और उन रिश्तों की जीत थी जो वर्षों की दूरी के बावजूद कभी फीके नहीं पड़ते। सहपाठी संजय अग्रवाल के शब्दों में - वक्त बदलता है , पर यारियां हमेशा जवान रहती हैं। समारोह के अंत में सभी साथियों ने रायपुर के मेजबान मित्रों के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि यह पुनर्मिलन जीवन की उन अनमोल स्मृतियों में शामिल हो गया है , जिन्हें केवल याद नहीं किया जायेगा , बल्कि बार-बार जिया जायेगा। इस दौरान खगेश्वर प्रसाद चौबे ने इस पलों में भावुक होकर कहा - लोग कहते हैं ज़मीन पर किसी को खुदा नही मिलता , शायद उन्हें दोस्त कोई तुम सा नही मिलता।। उन्होंने कहा कि कई सहपाठी आज उच्च पदों पर आसीन होने के बावजूद अपने पुराने मित्रों से विद्यार्थी जीवन जैसे प्रेम और सादगी से मिले। आज सभी ने यह सिद्ध कर दिया कि पद और प्रतिष्ठा बदल सकती है , लेकिन सच्ची दोस्ती कभी नहीं बदलती। हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि यह मिलन केवल एक दिन की स्मृति बनकर ना रह जाये ,बल्कि आगे भी हम सभी समय-समय पर एक-दूसरे से जुड़े रहें , एक-दूसरे की खुशियों और संघर्षों में साथ रहें तथा इस मित्रता के बंधन को और अधिक मजबूत बनायें। अंत में उन्होंने अपने शायराना अंदाज में अपनी वाणी को विराम देते हुये कहा - ना कुर्सियों का गुरूर है , ना ओहदों का अभिमान , हर दोस्त के दिल में बसा है , वही बचपन का सम्मान। जो गले मिलकर कह उठे - यार , तू आज भी वैसा ही है ।

## आराध्या सहारे का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम बरगा की आराध्या सहारे का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। आराध्या शुरू से ही पढ़ाई मे होशियार और मेधावी छात्रा रही हैंद्य वह सरस्वती शिशु मन्दिर मुसरा में अध्ययनरात हैं। आराध्या ने अपनी मम्मी कविता सहारे से प्रेरणा लेकर एवं मार्गदर्शन में नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीछा में सफलता प्राप्त की आराध्या सहारे के पापा अखिलेश सहारे एवं परिवार के सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुवे बधाई दी।



**न्यायालय नायब तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202603095000014**

विषय:-ब-121

मामले की श्रेणी:- राजस्व

सनः-2025-2026

रामपुर प.ह.न. 00008 [(हे0)]

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - कृष्णा राम माली,

अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक कृष्णा राम माली पिता झाडू राम माली जाति मरार, निवासी ग्राम रामपुर, तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, वेदक अपने पुत्र ज्ञानीराम पटेल पिता कृष्णा राम का जन्म दिनांक 05.02.1975 को स्थान रामपुर में हुआ है, जो कि भूलवश ग्राम पंचायत रामपुर में संधारित जन्म पंजी रजिस्ट्रार में दर्ज नही हो पाया आवेदक अपने पुत्र ज्ञानीराम पटेल पिता कृष्णा राम का नाम जन्म पंजी में दर्ज करवाकर जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता है। अतः ग्राम पंचायत रामपुर में जन्म पंजी में दर्ज करवाकर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 06.04.2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/03/2026 को जारी किया जाता है।

सील **नायब तहसीलदार लाल बहादुर नगर (छ.ग.)**

**राजस्व मामले में नोटिस**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ जिला राजनांदगाँव तहसील डोंगरगढ़ प.ह.न. 00003 ढारा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक CT202526420401400013

**पक्षकारों का विवरण-**

आवेदक पक्षकार-राकेश बहादुर सिंह पिता/पति- पृथ्वीपाल सिंह पता-राजनांदगांव, डॉ. रामेश्वर नाथ सिंह पिता/पति-पृथ्वीपाल सिंह पता-राजनांदगांव अनावेदक पक्षकार श्रीमति मनोरमा सिंह पिता/पति-पति-पी.पी. सिंह पता-ढारा भूमि का विवरण जिसके संबंध में प्रकरण विचारधीन है। तहसील डोंगरगढ़ के प.ह.न. 00003 के अंतर्गत ग्राम ढारा के भूमि स्वामी श्रीमति मनोरमा सिंह पिता/पति-पति-पी.पी. सिंह पता-ढारा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 117/4 (1.6190) में नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/04/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़ पर की जावेगी।

आप अपना पक्ष प्रकरण को आगामी सुनवाई तिथि के पूर्व या सुनवाई के समय स्वयं/ अधिवक्ता /आम मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि को प्रकरण में सुनवाई उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**नोटिस दिनांक- 23/03/2026**

सील **अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

# 20 साल पहले आज के दिन पिता की हत्या, अब बेटा बना हजारों नक्सल पीड़ितों की आवाज

**डोंगरगढ़ / राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज का दिन एक बेटे के लिए सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि जिंदगी का सबसे काला अध्याय है। ठीक 20 साल पहले इसी दिन नक्सलियों ने उसके पिता बबला साहू की बेरहमी से हत्या कर दी थी। इतना ही नहीं, पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर उनके गृहग्राम से बेदखल कर दिया गया। समय बीत गया, जख्म पुराने हो गए, लेकिन दर्द आज भी उतना ही जिंदा है। यही दर्द अब एक बड़े संघर्ष में बदल चुका है। पिता की मौत के बाद जहां एक ओर परिवार बिखर गया, वहीं दूसरी ओर बेटे ने उसी दिन ठान लिया था कि वह इस अन्याय के खिलाफ चुप नहीं बैठेगा। आज, दो दशक बाद, वही बेटा धीरेन्द्र साहू प्रदेश के हजारों नक्सल पीड़ित परिवारों की आवाज बन चुका है और सिस्टम से सीधी लड़ाई लड़ रहा है।धीरेन्द्र साहू कहते हैं, 20 साल पहले हमने अपने पिता को खोया, लेकिन आज भी कई परिवार वही दर्द झेल रहे हैं। सरकारें बदलती



रहीं, वादे होते रहे, लेकिन पीड़ितों को उनका पूरा हक आज तक नहीं मिला। वह लगातार नक्सल प्रभावित इलाकों में जाकर पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनके प्रयासों से अब तक हजारों परिवारों को नौकरी, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर और करोड़ों रुपये की आर्थिक सहायता मिल चुकी है। सैकड़ों बच्चों को छात्रवृत्ति भी दिलाई गई है। इसके बावजूद उनका कहना है कि लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। जब तक हर पीड़ित परिवार को सम्मान और सुरक्षा नहीं मिलती, तब तक मेरा संघर्ष जारी रहेगा,ज्ज् वह दृढ़ता से कहते हैं। धीरेन्द्र साहू ने बताया कि पीड़ितों के पुनर्वास के लिए उन्हें कलेक्टर कार्यालय से लेकर राष्ट्रपति कार्यालय तक धरना-प्रदर्शन करना पड़ा। लंबे संघर्ष के बाद ही सरकार ने उनकी मांगें मानीं और वर्ष 2025 में नई पुनर्वास नीति लागू की गई। अन्याय के खिलाफयह लड़ाई अब रुकेगी नहीं।

# जिलें में 01 अप्रैल से राजस्व पखवाड़ा का होगा आयोजन

## जिले के ग्राम पंचायतों सहित सभी तहसील कार्यालय मुख्यालयों में होगा राजस्व पखवाड़ा

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**क़बीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप कबीरधाम जिले में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा शिविर 3 चरणों में किया जाएगा पहला 01 अप्रैल से 15 अप्रैल, दूसरा 04 मई से 18 मई और तीसरा चरण 01 जून से 15 जून तक आयोजित होगा। इस राजस्व पखवाड़ा में कबीरधाम जिले में सभी 8 तहसीलों अंतर्गत पटवारी हल्के एवं उनके अधीन आने वाले ग्राम पंचायतों में राजस्व शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें तहसील मुख्यालय भी शामिल है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिले के सभी तहसील के अतंर्गत राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत राजस्व शिविर के लिए ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन कर लिया गया है। उन्होंने सभी एसडीएम को राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों से लभांन्वित ग्रामों के किसानों को राजस्व शिविर की जानकारी देने और संबंधित कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराने के भी निर्देश दिए है। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार और नायब तहसीलदार को राजस्व शिविर के आयोजन की तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने बताया कि राज्य शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार राजस्व पखवाड़ा शिविर 3 चरणों में किया जाएगा पहला 01 अप्रैल से 15 अप्रैल, दूसरा 04 मई से 18 मई और तीसरा चरण 01 जून से 15 जून तक आयोजन किया जाएगा। इसके अतर्गत तहसील मुख्यालय सहित पटवारी हल्के एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों का चयन राजस्व शिविर के आयोजन के लिए किया गया है। इस राजस्व पखवाड़ा में राजस्व संबंधित समस्याओं का आवेदन लिए जाएंगे। शिविर में राजस्व से जुड़े प्रकरणों का निराकरण यथा विवादित नामांतरण, बंटवारा, विवादित नामातंरण, बंटवारा, सीमांकन, ऋण पुस्तिका प्रदान करना, नक्शा, अद्यतन, बटांकन, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, डिजिटल हस्ताक्षर करना, आधार नंबर एकत्र करना, मोबाईल नम्बर एकत्र करना, अभिलेख शुद्धता, तृटि सुधार के आवेदन, व्यपवर्तन, स्वामित्व योजना से संबंधित कार्य, कोटवारी भूमि के विक्रय की जानकारी, सहित समस्त राजस्व संबंधी प्रकरणों का आवेदन प्राप्त करना एवं निराकरण किया जाएगा।




# कलेक्टर ने पिपरिया में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

## निर्माण कार्यों का अवलोकन कर गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में पूरा करने के दिए निर्देश, शौचालय के खराब टाइल्स उखाड़कर दोबारा लगाने के दिए निर्देश

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**क़बीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज नगर पंचायत पिपरिया के सभाकक्ष में बैठक लेकर पिपरिया में चल रहे विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विधायक निधि, राज्य प्रवर्तित मद तथा 15वें आयोग के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों की प्रगति का बारीकी से जानकारी लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष घुरवा राम साहू, उपाध्यक्ष शिवचरण पटेल सभापति, पार्षद सहित जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर वर्मा ने समीक्षा के दौरान अधोसंरचना मद से संचालित शौचालय एवं अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि अधोसंरचना मद से 29 कार्य स्वीकृत है। इन 29 कार्यों में से 21 कार्य प्रगति पर हैं, जबकि 8 कार्य स्थल विवाद के कारण प्रारंभ नहीं हो सके हैं। इस पर कलेक्टर ने निर्देश दिया कि



अधिकारी स्थल का निरीक्षण कर विवाद का शीघ्र निराकरण करें और कार्य प्रारंभ कराएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण होना चाहिए। कलेक्टर ने राज्य प्रवर्तित मद के तहत निर्माणाधीन मुक्तिधाम की जानकारी लेते हुए वहां हरियाली बढ़ाने के लिए पौधारोपण एवं गार्डन विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही मुक्तिधाम तक पहुंचने में आ रही सड़क समस्या के समाधान के लिए भी आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। कलेक्टर वर्मा ने पिपरिया में स्वीकृत लगभग ढाई करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले अस्पताल के संबंध में जानकारी ली और निर्देश दिए कि अस्पताल निर्माण के लिए शीघ्र भूमि का चिन्हांकन कर कार्य प्रारंभ किया जाए। तहसील भवन निर्माण की समीक्षा करते हुए उन्होंने किसान सुविधा को ध्यान में रखते हुए किसान रेस्ट हाउस के लिए भी प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए जलापूर्ति में किसी प्रकार की बाधा न आए और सभी वार्डों में नियमित पानी उपलब्ध कराया जाए।

## धर्म समाचार....

# उत्तराखंड में पहाड़ की चोटी पर रहस्यमयी गुफा ताल

### अंदर शिवलिंग और नाग, खुद बनता चंदन-कुमकुम; पुरातत्व विभाग करेगा जांच

उत्तराखंड के अल्मोड़ा में पहाड़ की चोटी पर बसा रहस्यमयी च्गुफा तालज् लोगों को आकर्षित कर रहा है, यहां गुफा के भीतर शिवलिंग और नाग मौजूद हैं। टपकते पानी से खुद चंदन-कुमकुम बनने और बरसात में भी पानी बाहर न निकलने की घटनाओं ने रहस्य बढ़ाया है, जिस पर अब पुरातत्व विभाग इसकी जांच करेगा। अल्मोड़ा के बाड़ेछीना क्षेत्र के कुमौली गांव के पास यह गुफा सड़क से करीब 300 मीटर की खड़ी चढ़ाई पार करने के बाद पहाड़ी के शिखर पर मिलती है। विशाल चट्टानों के बीच प्राकृतिक रूप से बनी इस गुफा के भीतर करीब 50 फीट लंबा और 20 फीट चौड़ा ताल मौजूद है। ऊंचाई पर स्थित होने के बावजूद सालभर पानी से भरा रहना और इसका स्तर स्थिर बने रहना वैज्ञानिकों व स्थानीय लोगों दोनों के लिए कौतूहल का विषय बना हुआ है। गुफा के अंदर तीन से चार पिलर जैसी प्राकृतिक संरचनाएं दिखाई देती हैं, जो मानो पहाड़ को थामे हुए हों। स्थानीय लोगों का कहना है कि ये पूरी तरह प्राकृतिक हैं और किसी मानव द्वारा निर्मित नहीं लगते। गुफा के अंदर करीब 20-25 फीट भीतर जाने पर एक शिवलिंग दिखाई देता है। इस पर लगातार ऊपर से पानी टपकता रहता है। ग्रामीणों का दावा है कि इस शिवलिंग पर पीले रंग का चंदन या कुमकुम जैसा पदार्थ बनता रहता है, जिसे श्रद्धालु प्रसाद के रूप में माथे पर



लगाते हैं। हाल ही में यहां शिव महापुराण कथा का आयोजन भी हुआ, जिसमें श्रद्धालु गुफा के अंदर जाकर पूजा-अर्चना कर चुके हैं। गुफा ताल की सबसे रहस्यमयी बात यह है कि इसमें न तो कभी काई जमती है और न ही भारी बारिश के दौरान इसका पानी बाहर निकलता है। ताल का पानी बेहद ठंडा रहता है, जबकि वर्षों से इसके जल स्तर में कोई खास बदलाव देखने को नहीं मिला है। ग्रामीणों के अनुसार, यह ताल लंबे समय से इसी स्थिति में स्थिर बना हुआ है, जो इसे और भी रहस्यमय बनाता है। गुफा के भीतर अंधेरा रहता है और यहां सांप व चमगादड़ जैसे जीव भी पाए जाते हैं। इसके बावजूद कुछ श्रद्धालु जोखिम उठाकर अंदर जाकर पूजा करते हैं। 80 वर्षीय आनंदी देवी बताती हैं, गुफा का पानी बिल्कुल शुद्ध है। गांव के 82 वर्षीय रामदत्त भट्ट का कहना है कि उन्होंने बचपन से इस गुफा ताल को इसी रूप में देखा है। उनके मुताबिक, गुफा के अंदर हमेशा पानी रहता है, शिवलिंग पर लगातार जल टपकता है और चंदन जैसा पदार्थ बनता है। स्थानीय लोगों का मानना है कि आसपास के जंगलों में पाई जाने वाली जड़ी-बूटियों के कारण इस ताल के पानी में औषधीय गुण भी हो सकते हैं। क्षेत्रीय राज्य पुरातत्व अधिकारी चंद्र सिंह चौहान के अनुसार, कुमौली गांव स्थित इस गुफा ताल की ऐतिहासिकता की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि पूर्व में यहां करीब 10 लाख रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण कार्य किया गया था। अब विभाग की योजना है कि ताल का पानी निकालकर भीतर की मिट्टी की वैज्ञानिक जांच की जाए। इस दौरान यहां से सिक्के, मूर्तियां या अन्य प्राचीन अवशेष मिलने की संभावना जताई जा रही है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार यह संरचना करीब 400 से 500 साल पुरानी, या उससे भी अधिक प्राचीन हो सकती है। गुफा ताल के ऊपरी क्षेत्र में च्माथा कोटज् सहित प्राचीन भंडारण संरचनाओं के अवशेष मिलने से इस स्थान का महत्व और बढ़ गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह क्षेत्र पुराने समय में सैन्य चौकी, अनाज भंडारण केंद्र या संकेत प्रणाली (कम्युनिकेशन नेटवर्क) का हिस्सा रहा हो सकता है। इन साक्ष्यों के आधार पर गुफा ताल के ऐतिहासिक महत्व और प्राचीन उपयोग को लेकर नई संभावनाएं सामने आ रही हैं। यह गुफा ताल अब धीरे-धीरे धार्मिक आस्था और पर्यटन दोनों का केंद्र बनता जा रहा है।

### सालों पुराना कर्ज भी होगा खत्म! हनुमान जयंती की रात करें ये गुप्त उपाय, चमक जाएगी किस्मत

हिंदू धर्म में हनुमान जयंती का दिन संकटों से मुक्ति पाने के लिए बहुत शुभ माना जाता है। बजरंगबली को 'संकटमोचन' कहा जाता है, क्योंकि वे अपने भक्तों के जीवन से सभी तरह की बाधा, भय और दरिद्रता को हर लेते हैं। अगर आप लंबे समय से आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं या भारी कर्ज से दबे हैं, तो हनुमान जयंती की रात कुछ गुप्त उपाय करें, जो बेहद असरदार हैं। आइए उनके बारे में जानते हैं। हनुमान जयंती की रात को पीपल के 11 साफ पत्ते लें। इन पत्तों पर कुमकुम या अष्टगंध से 'श्री राम' लिखें। अब इन पत्तों की एक माला बनाएं और चुपचाप हनुमान जी के मंदिर में जाकर उन्हें पहना दें। इस उपाय को करने से अटके हुए धन की प्राप्ति होगी और कर्ज समाप्त होगा। आर्थिक तंगी दूर करने के लिए इस रात 'ऋणमोचक मंगल स्तोत्र' का पाठ करना रामबाण उपाय माना गया है। अगर हो पाए, तो हनुमान जी के सामने चमेली के तेल का दीपक जलाकर इसका 11 बार पाठ करें। यह पाठ मंगल दोष को शांत करता है और व्यक्ति को कर्ज से बाहर निकालता है।




**सिंदूर और चोला चढ़ाना-** हनुमान जी को सिंदूर बेहद प्रिय है। कर्ज से परेशान व्यक्ति को इस रात हनुमान जी को चमेली के तेल में मिला हुआ सिंदूर चढ़ाना चाहिए। चोला चढ़ाते समय अपनी समस्या मन ही मन बजरंगबली के सामने बोलें। ऐसी मान्यता है कि इससे मंगल ग्रह मजबूत होता है और आय के नए स्रोत खुलते हैं।

**नारियल का गुप्त उपाय-** एक जटा वाला नारियल लें और उस पर सिंदूर से स्वास्तिक बनाएं। इस नारियल को अपने सिर से सात बार वारकर हनुमान जी के चरणों में अर्पित कर दें। इसके बाद '? नमो हनुमते आवेशाय आवेशाय स्वाहा' मंत्र का जाप करें। ऐसा करने से सभी संकटों से मुक्ति मिलेगी।

nandgaon times march-31-3.qxd 3/30/2026 11:58 PM Page 4






































प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com